प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन, कल होगी स्कूटनी, 38 विधानसभा क्षेत्रों में होगा मतदान।
2. 43 निर्वाचन क्षेत्रों में 13 नवंबर को पहले चरण के मतदान के लिये नामांकन पत्रों की जांच पूरी, आज वैध उम्मीदवारों की सूची होगी जारी।
3. झारखंड में 17 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने अपने माता–पिता को वोट देने के लिए लिखा पत्र, हैशटैग मम्मी पापा वोट दो, देश में टॉप 10 पोस्ट में रहा शामिल।
4. हॉकी में, महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 18 सदस्यों वाली टीम की घोषणा, झारखंड की सलीमा टेटे करेंगी भारत की कप्तानी।

*********************

झारखंड में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन है। दूसरे चरण में 20 नवंबर को अड़तीस विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। इसके लिए अब तक 632 प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर चुके हैं। पर्चों की जांच कल की जाएगी और उम्मीदवार 1 नवंबर तक नाम वापस ले सकेंगे। इस बीच, चुनाव के सिलसिले में राज्य में तलाशी अभियान के दौरान अवैध सामग्री और 86 करोड़ 32 लाख रुपये की नकदी बरामद की गई है। आचार संहिता के उल्लंघन के 20 मामलों में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है

*********************

झारखंड में 17 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने अपने माता–पिता को पत्र लिखकर विधानसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि ये पत्र हैशटैग मम्मी पापा वोट दो के साथ साझा किए गए हैं। यह हैशटैग इस समय देश में सबसे अधिक देखी जानी वाली 10 पोस्ट में शामिल है। कल शाम 5 बजे से 7 बजे के बीच इस हैशटैग से 30 हजार पोस्ट सोशल मीडिया पर डाले गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य झारखंड विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाना है।

*********************

झारखंड में तेरह नवंबर को 43 निर्वाचन क्षेत्रों में पहले चरण के मतदान के लिये नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो गयी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रांची में पत्रकारों को बताया कि आज दिन के 11 बजे के बाद वैध उम्मीदवारों की सूची जारी की जायेगी। इस चरण के मतदान के लिये कुल आठ सौ पांच उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं।

*********************

भाजपा प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने घुसपैठ के मुद्दे पर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला। संथाल परगना में पार्टी के प्रत्याशियों के नामांकन के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि घुसपैठिए झारखंड की संस्कृति और आदिवासी अस्मिता में भारी गड़बड़ी पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर एनआरसी लागू किया जाएगा।

*********************

गोड्डा में भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन में शामिल होने के बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का दावा किया है। संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प झारखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना है।

*********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने लिट्टीपाड़ा में पार्टी प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू और प्रोफेसर स्टीफन मराण्डी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया । श्रीमती सोरेन ने लोगों से झामुमो के पक्ष में वोट देने की अपील की।

*********************

कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए अपनी तीसरी सूची जारी कर दी है, जिसमें बोकारो विधानसभा सीट से श्वेता सिंह और धनबाद विधानसभा सीट से अजय दुबे को उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले 28 विधानसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी।

*********************

हजारीबाग जिले में भी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को सुनिश्चित करने को लेकर व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला प्रशासन, स्वीप सेल के द्वारा आर्ट 81 आधारित फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। आज और कल स्थानीय गांधी मैदान में वृहत कार्यक्रम आयोजन होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय ने कहा कि जिला प्रशासन चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी करेगा।

*********************

साहिबगंज जिले में पहाड़ों पर रहने वाले लोगों का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है।

*********************

भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरे देश में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। चतरा जिले के टंडवा स्थित सीसीएल की आम्रपाली चंद्रगुप्त और पिपरवार की अशोका परियोजना में महाप्रबंधक अमरेश सिंह ने जागरूकता रथ को रवाना किया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया वहीं कई खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए पिपरवार की अशोक परियोजना में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ ।

*********************

हॉकी में, महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 18 सदस्यों वाली टीम की घोषणा कर दी गई है। यह टूर्नामेंट 11 से 20 नवंबर तक बिहार में राजगीर में खेला जाएगा। भारत की कप्तानी मिडफील्डर सलीमा टेटे करेंगी और फॉरवर्ड नवनीत कौर उप–कप्तान होंगी। टूर्नामेंट में, भारत का पहला मुकाबला मलेशिया के साथ होगा। टूर्नामेंट में चीन, जापान, कोरिया और थाईलैंड की टीमें भी शामिल हैं। पिछली बार यह टूर्नामेंट भारत ने जीता था।

*********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर नामाकंन के साथ राजनीतिक गतिविधियों को अपनी सुर्खी बनायी है ।

प्रभात खबर ने लिखा है– दूसरा चरण – सोमवार को कुल दो सौ चौवन प्रत्याशियों का नामांकन।

हिंदुस्तान की सुर्खी है– दूसरे चरण के लिए आज नामांकन की आखिरी तारीख।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– कांग्रेस की तीसरी सूची, धनबाद से अजय दुबे, बोकारो से श्वेता को टिकट।

वहीं दैनिक जागरण ने लिखा है – पांच विधानसभा क्षेत्र में सौ के नामांकन स्वीकृत और आठ रद्द।

*********************